**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 07.06.2025**

**थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से छीना हुआ 01 पर्स (नगद 700 रुपये) व स्नेचिंग की घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।**

दिनांक 02.06.2025 को थाना कौशाम्बी पर वादिया की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर द्वारा वादिया का पर्स जिसमें 01 मोबाइल फोन व 1200/- रुपये छीन कर ले जाने के सम्बन्ध में सुसंगत धारा 304(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसके क्रम में दिनांक 06/07.06.2025 को थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर यशोदा हास्पिटल के सामने सर्विस रोड़ से 01 अभियुक्त पुनीत पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम खुर्जा जंक्शन थाना कोतवाली खुर्जा बुलन्दशहर हाल पता म0न0 वी 170/171 गली न0 5 जगत पुरी थाना मानसरोवर पार्क नई दिल्ली उम्र करीब 22 वर्ष को छीना हुआ 01 पर्स (नगद 700 रुपये) व स्नेचिंग की घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पुनीत पुत्र धर्मपाल उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग की धारा 304(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** गिरफ्तार अभियुक्त पुनीत पुत्र धर्मपाल उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि अभियुक्त उपरोक्त व उसके साथी विशाल ने बरामद पर्स को 2-3 दिन पहले सुबह के समय यशोदा हास्पिटल के सामने अम्बेडकर मूर्ति के पास सड़क किनारे टहल रही 01 महिला से छीना था। पर्स में 01 मोबाइल फोन तथा 1200/- रुपये थे। मोबाइल फोन को अभियुक्त उपरोक्त ने राह चलते लोगों को 1000/- रुपये में बेच दिया था। पर्स में मिले 1200/- रुपये में से 500/- रुपये अभियुक्त ने खर्च कर दिए थे तथा 700/- रुपये बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त मोटरसाइकिल से मोबाइल फोन छीनने की फिराक में था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

पुनीत पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम खुर्जा जंक्शन थाना कोतवाली खुर्जा बुलन्दशहर हाल पता म0न0 वी 170/171 गली न0 5 जगत पुरी थाना मानसरोवर पार्क नई दिल्ली उम्र करीब 22 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण:-**

- छीना हुआ 01 पर्स (नगद 700 रुपये) व स्नेचिंग की घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:-**

- गिरफ्तार अभियुक्त पुनीत पुत्र धर्मपाल उपरोक्त के विरुद्ध थाना कौशाम्बी पर स्नेचिंग से सम्बन्धित 03 अभियोग व दिल्ली एनसीआर में चोरी व चोरी का माल बरामद होने आदि से सम्बन्धित 10 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम।

## थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

आज दिनांक 07.06.2025 को थाना ट्रोनिका सिटी पर वादिया द्वारा तहरीर दी गई कि उसके बडे बेटे परवेज शेखर उर्फ जलालुद्दीन द्वारा घरेलू बातों को लेकर उसके छोटे बेटे जावेद के साथ मारपीट व गाली गलौच करना तथा मारपीट के दौरान धक्का-मुक्की करने से जावेद का सिर वहाँ रखे पत्थर (सिल-बट्टा) में लग जाने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो जाना तथा उपचार के दौरान जावेद की मृत्यु हो जाना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ट्रोनिका सिटी पर तत्काल धारा 105 बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त परवेज पुत्र शेखर उर्फ जलालुदीन निवासी बंसल चौक रामपार्क थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त परवेज ने पूछताछ के दौरान बताया कि जावेद मेरा छोटा भाई था। मेरी अपने छोटे भाई जावेद के साथ घर की बातों को लेकर आपस में मारपीट व गाली गलौच हो गयी थी जिसमें मैनें अपने छोटे भाई जावेद को धक्का मारा और उसका सिर घर में रखे पत्थर (सिल-बट्टा) में लग गया जिस कारण उसके सिर से खून निकलने लगा। जावेद को परिवारजनों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त नाम व पता-**

परवेज पुत्र शेखर उर्फ जलालुदीन निवासी बंसल चौक रामपार्क थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना ट्रोनिका सिटी पर उपरोक्त प्रकरण के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम।

## थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 03 बैटरी व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।

दिनांक 06.06.2025 को थाना टीलामोड़ को थाना टीलामोड़ पर वादी अली मुस्तफा पुत्र हबीब अली निवासी हर्ष विहार टीलामोड़ ने लिखित तहरीर दी गई और बताया गया कि मेरे थ्री व्हीलर लोड़र की 03 बैटरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना टीलामोड़ पर सुसंगत धारा 303(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उपरोक्त क्रम में दिनांक 06/07.06.2025 को थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर 02 अभियुक्त 1. मौ0 शकील पुत्र श्री आगाज हुसैन निवासी म0न0 ए190 गली न0 1/5 इन्दिरा विहार जोहरीपुर गौकुलपुरी उत्तर पूर्वी दिल्ली उम्र करीब 19 वर्ष व 2. आदित्य पुत्र बिट्टू निवासी गली न0 03 धामा पार्किंग के पास राज नगर थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 21 वर्ष को कोयल एन्कलेव तिकोना पार्क से चोरी की 03 बैटरी व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि बरामद तीनों बैटरियों को दोनों अभियुक्तों ने मिलकर दिनांक 05.06.2025 को कोयल एन्कलेव हर्ष विहार द्वितीय की तरफ खड़े थ्री व्हीलर लोड़र से चोरी की थी। दोनों अभियुक्त चोरी की हुई बैटरियों को बेचने की फिराक में जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता:-**

1. मौ0 शकील पुत्र श्री आगाज हुसैन निवासी म0न0 ए190 गली न0 1/5 इन्दिरा विहार जोहरीपुर गौकुलपुरी उत्तर पूर्वी दिल्ली उम्र करीब 19 वर्ष।
2. आदित्य पुत्र बिट्टू निवासी गली न0 03 धामा पार्किंग के पास राज नगर थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 21 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः-**

- चोरी की 03 बैटरी व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-**

- गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना टीलामोड़ पर चोरी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम।